# खाटु के श्याम बाबा मिला जबसे तेरा सहारा भजन लिरिक्स

खाटु के श्याम बाबा,
मिला जबसे तेरा सहारा,
दुख दूर हो गए सब,
दुख दूर हो गए सब,
होता आराम से गुजारा,
खाटु के श्याम बाबा,
मिला जबसे तेरा सहारा।bd।

तर्ज – चूड़ी मजा ना देगी।

---

कृपा की जो ना होती,
आदत तेरी पुरानी,
ये दुनिया फिर ना होती,
बाबा तेरी दीवानी,
अपनी शरण में जो लिया,
एहसान है तुम्हारा,
खाटु के श्याम बाबा,
मिला जबसे तेरा सहारा।bd।

---

बिगड़ी बनाने वाले,
लाखों को तूने तारा,
डूबी हुई नैया का,
बना तू ही खेवनहारा,
भवरो में अटकी नैया,
को दिया तूने ही किनारा,
खाटु के श्याम बाबा,
मिला जबसे तेरा सहारा।bd।

---

कोई नहीं है अपना,
सारा जग हुआ पराया,
संकट की हर घड़ी में,
बाबा काम तू ही आया,
'रूबी रिधम' कहे ये,
तू श्याम है हमारा,
खाटू के श्याम बाबा,
मिला जबसे तेरा सहारा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खाटू के श्याम बाबा,
मिला जबसे तेरा सहारा,
दुख दूर हो गए सब,
दुख दूर हो गए सब,
होता आराम से गुजारा,
खाटू के श्याम बाबा,
मिला जबसे तेरा सहारा।bd।

स्वर – काँची भार्गव।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com